बरेली, बुधवार
2 नवंबर, 2022
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

PAGE NO 03, MIDDLE

पहली बार जिले में खेला जाएगा बीसीसीआइ का अधिकृत अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट

जासं, बरेली: पहली बार शहर में कूच बिहार ट्राफी का अंडर-19 मैच खेला जाएगा। उप्र क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ने श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में यह मैच आयोजित कराने का निर्णय लिया है और इसकी जिम्मेदारी बरेली क्रिकेट संघ (बीसीए) को दी है। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि 12 से 15 नवंबर के बीच उत्तर प्रदेश और नागालैंड की टीमों के बीच चार दिवसीय मुकाबला खेला जाएगा। एसआरएमएस को मैच आवंटित करने से पहले बीसीसीआई और यूपीसीए पदाधिकारियों ने स्टेडियम का अवलोकन किया था। यहां उपलब्ध सुविधाओं और ग्राउंड के मानकों पर खरा उतरने के बाद कूच बिहार ट्राफी मैच कराने का निर्णय लिया गया। बरेली में इससे पहले बीसीसीआइ अधिकृत कोई मैच नहीं हुआ है।